UNIVERSAL
LIBRARY
OU_180995
UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 81.4 | P 98 J Accession No. G.H. 1242

Author पुश्किन, अलेक्सान्द्र से०।

Title जिप्सी। 1955

This book should be returned on or before the date last marked below.

जिप्सी

हमारे कुछ अभिनव प्रकाशन

रूसी क्रान्ति के अग्रदूत (सचित्र) **राजेश्वरप्रसाद नारायणसिंह**
ज़ारशाही के विरुद्ध संघर्ष करने वाले कतिपय रूसी हुतात्माओं
के त्याग की अमर कहानी। पृष्ठ १७० ४)

आँखों देखा रूस **सत्येन्द्रनाथ मजूमदार**
रूस की नैतिक, सामाजिक, औद्योगिक और राष्ट्रीय प्रगतियों
का आँखों देखा रोचक वर्णन। पृष्ठ ११२ २)

यूरोपा **देवेश दास**
यूरोपीय देशों के सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विकास का सरस
और भावात्मक विवेचन। पृष्ठ १७२ ३)

पृथ्वी-परिक्रमा (सचित्र) **गोविन्ददास**
विश्व के मुख्य देशों की यात्रा तथा
वहाँ का रोचक वर्णन। पृष्ठ ३५२ १२)

नेपाल की कहानी (सचित्र) **काशीप्रसाद श्रीवास्तव**
नेपाल का प्राकृतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक
तथा राजनैतिक सचित्र वर्णन। पृष्ठ ३०८ ८)

रजवाड़ा (सचित्र) **देवेश दास**
राजस्थान की कला, संस्कृति तथा गाथाओं
का सजीव वर्णन। पृष्ठ १६० ५)

भारतीय राजनीति और शासन **के० आर० बम्बाल**
सन् १८५७ से लेकर अब तक का वैधानिक और
राष्ट्रीय विकास का विस्तृत वर्णन। पृष्ठ ४६४ ८॥)

प्राचीन भारतीय परम्परा और इतिहास **डा० रांगेय राघव**
प्रागैतिहासिक भारत की राजनीतिक तथा सामाजिक
परिस्थितियों का विस्तृत चित्रण। पृष्ठ ५५० १२)

आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली-६

रूस के अमर कवि अलेक्सान्दर सेर्गेविच पुश्किन

जिप्सी

मूल लेखक

अलेक्सान्दर सेर्गेविच पुश्किन

अनुवादक

वीर राजेन्द्र ऋषि

एम० ए०, प्रभाकर, रूसी भाषा और साहित्य में डिप्लोमा प्राप्त

प्रस्तावना-लेखक

प्रमथ नाथ बनर्जी

अध्यक्ष, विदेशी भाषा-विद्यालय, रक्षा-मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली

१९५५

आत्माराम एण्ड संस

प्रकाशक तथा पुस्तक विक्रेता

काश्मीरी गेट

दिल्ली-६

सादर समालोचनार्थ

प्रकाशक
रामलाल पुरी
आत्माराम एण्ड संस
काश्मीरी गेट, दिल्ली-६

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

मूल्य दो रुपये

मुद्रक
श्यामकुमार गर्ग
हिन्दी प्रिंटिंग प्रेस
क्वीन्स रोड, दिल्ली

प्रस्तावना

बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि श्री ऋषि ने रूस के अमर कवि पुश्किन के अनोखे काव्य 'त्सीगानी' अर्थात् जिप्सी का सरस अनुवाद राष्ट्रभाषा में किया है।

अनुवादक ने कई साल तक रूसी भाषा का अध्ययन और अनुशीलन हिन्दुस्तान और मास्को में किया है। आपकी निष्ठा तथा लगन सराहनीय है।

इटालियन भाषा में एक कहावत है—"त्रादुत्तोरे त्रादितोरे" अर्थात् अनुवादक विश्वासघातक होता है। इसका तात्पर्य यह है कि साधारणतया अनुवादक मूलतत्व को समझने में और उसे ठीक-ठीक व्यक्त करने में चूक जाता है जिसके फलस्वरूप अनर्थ की सृष्टि होती है। पर ऋषि जी का सुन्दर, सुललित तथा यथार्थ अनुवाद इस नियम का अपवाद-सा प्रतीत होता है।

मुझे आशा है—आशा ही नहीं बल्कि विश्वास है—कि आगे चलकर ऋषि जी इसी प्रकार रूसी साहित्य के अनमोल रत्नों का द्वार हिन्दी भाषा-भाषियों के लाभार्थ उद्घाटन कर हमारे उन देशवासियों को, जिनको रूसी भाषा का ज्ञान प्राप्त नहीं है, रूसी साहित्य से परिचय कराने में सहायता पहुँचाते रहेंगे।

मुझे यह भी आशा है कि हमारे देश की नवयुवतियाँ तथा नवयुवक श्री ऋषि की एकनिष्ठ साधना तथा सेवा से प्रेरित होकर रूसी तथा अन्यान्य महत्त्वपूर्ण विदेशी भाषाओं का अध्ययन तथा अनुशीलन करके हिन्दी भाषा तथा साहित्य को और भी सम्पन्न बनाने की सफल चेष्टा करेंगे।

प्रमथ नाथ बनर्जी

अध्यक्ष

विदेशी भाषा विद्यालय, रक्षा मन्त्रालय

भारत सरकार

नई दिल्ली
११ मई, १९५५

दो शब्द

आज तक रूसी साहित्य से हिन्दी में जो अनुवाद हुए हैं वे सब सीधे रूसी भाषा से न होकर उनके अंग्रेज़ी भाषा के अनुवादों से हुए है। रूसी भाषा से अंग्रेजी भाषा और फिर अंग्रेज़ी भाषा से हिन्दी में अनुवाद करने से रूसी कृति की मौलिकता सर्वथा नष्ट हो जाती है। हिन्दी अनूदित साहित्य के इतिहास मे यह प्रथम अवसर है कि एक रूसी कृति का सीधा रूसी भाषा से हिन्दी मे अनुवाद करके उसकी मौलिकता को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। यह प्रयास कहाँ तक सफल रहा है, इसका निर्णय केवल पाठक ही कर सकते हैं।

रूसी मूलपाठ भी साथ-साथ हिन्दी लिपि में दे दिया गया है। इससे वे सज्जन जो रूसी भाषा का ज्ञान नही रखते मूल रूसी भाषा में इस कविता को पढ़कर आनन्द उठा सकते हैं।

मास्को मे १९५० से १९५२ तक रहने के पश्चात् मेरे भारत लौटने पर रूसी भाषा की अमर कृतियों को हिन्दी में अनुवाद करके भारत की जनता के सम्मुख रखने के संकल्प में जो प्रेरणा मुझे श्री प्रभाकर माचवे से मिली है तथा हिन्दी अनुवाद में श्री राजेन्द्र द्विवेदी की जो सहायता प्राप्त हुई है उसके लिए मैं उनका आभारी हूँ।

ई-६७, देवनगर
नई दिल्ली
१२ मई, १९५५

वीर राजेन्द्र ऋषि

सादर सम्मत्यर्थ

रूसी भाषा के
अपने गुरु
व्लादीमीर अनातोलेविच शिबायेव
के
शुभ चरणों में समर्पित

पुश्किन
और
उसके काव्य का संक्षिप्त परिचय

"पुश्किन नाम से ही मन में रूस के उस लब्धप्रतिष्ठ राष्ट्र-कवि का विचार हो आता है···। पुश्किन असाधारणता का प्रतीक है।···वह आज से दो सौ वर्ष बाद का पूर्णतः समुन्नत रूसी व्यक्ति है। उसमें रूस की प्रकृति, रूस की आत्मा, रूस की भाषा और रूसी नैतिक स्तर उसी प्रकार स्वच्छ रूप से और विमल सुन्दरता से प्रतिबिम्बित है, जैसे शीशे की उन्नत सतह पर प्रकृति का एक अनुपम दृश्य।" पुश्किन के बारे में गोगोल ने ये शब्द कवि के जीवन-काल में ही कहे थे।

"पुश्किन प्रथम व्यक्ति था, जिसने राष्ट्र-निर्माण में साहित्य की महत्ता को समझा। उसने महसूस किया कि साहित्य-सेवा दफ़्तर अथवा राज-दरबार में काम करने की अपेक्षा कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। वह साहित्य को उच्च शिखर पर पहुँचाने वाला सर्वप्रथम रूसी था। उसने जन-भावनाओं और विचारों को तथा जन-जीवन के विभिन्न रूपों को अपनी कविता द्वारा अभिव्यक्त किया।"—ये हैं पुश्किन के बारे में गोर्की के शब्द।

पुश्किन का बाल्य-काल

अलेक्सान्दर सेर्गेविच पुश्किन का जन्म एक ज़मींदार घराने में ६ जून, १७९९ ई० में मास्को में हुआ था। माता की ओर से वह एबेसीनिया-निवासी अब्राहम पेत्रोविच हानीबाल के वंशज थे जिसको आठ वर्ष की ही आयु में अफ्रीका-तट से उठाकर कुस्तुन्तुनिया लाया गया था और जो वहाँ से फिर पीतर प्रथम द्वारा रूस लाया गया था। इसी घटना को पुश्किन ने अपनी कथा 'आराप पेतरा वेलीकोवो' (पीतर महान् का हब्शी ग़ुलाम) का रूप दिया है।

कवि का बचपन फ्रांसीसी अध्यापकों की देखभाल में गुज़रा, जिससे पुश्किन को फ्रांसीसी भाषा का बहुत अच्छा ज्ञान हो गया था। उनके पिता के पुस्तकालय में अठारहवीं शताब्दी के फ्रांस के लेखकों की पुस्तकों का अच्छा संग्रह था। पुश्किन ने चोरी-चोरी दिन-रात एक करके इन पुस्तकों को पढ़ डाला। पुश्किन की धाय आरीना रोदियोनोवना उनको कथाएँ सुनाया करती थी, जिनसे कवि का लोक-साहित्य की ओर बहुत रुझान हो गया। धाय द्वारा बचपन में सुनी हुई बहुत-सी कथाओं को कवि ने अपने काव्य का रूप दिया। लोक-साहित्य का वे इतना मूल्याकन करते थे कि मिखाइलोवस्की में नज़रबन्दी के दौरान में उन्होंने अपने भाई को एक पत्र में बड़े भावुकता-पूर्ण शब्दों में लिखा था—"कहानियाँ सुनता हू और अपने पालन-पोषण मे रह गई कमियों को पूरा करता हूँ। क्या ही आनन्द है इन कहानियों में! प्रत्येक कहानी जैसे कविता है!"

कविता लिखने का शौक पुश्किन को बचपन से ही था। एक बार पुश्किन ने स्कूल-परीक्षा में अपनी कविता कवि देरझाविन को पढ़कर सुनाई, जिसके बारे मे वे स्वयं लिखते है—"देरझाविन पुलकित हो उठा। उसने मुझ से मिलना चाहा, मुझे आलिंगन करना चाहा। मुझे ढूँढ़ा गया, पर मै हाथ न आया।" पुश्किन का काव्य रुसलान और ल्यूदमीला पढ़ने के पश्चात् देरझाविन ने अपना फ़ोटो पुश्किन को इन शब्दों के साथ भेंट किया था—"हारे हुए गुरु की ओर से शिष्य को!"

त्सारस्कोय सेलो के कालेज में अध्ययन करने के पश्चात् पुश्किन विदेशी विभाग में नौकर हो गये। परन्तु उनका मन नौकरी में कम लगता था। पुश्किन की काव्य-कथा येवगेनी ओनेगिन में लिखा है कि "वह ऐश्वर्य के जीवन में पड़ गया। नए फैशन के बाल कटवा लिये और लन्दन का बाँका जवान बन बैठा! वह माज़ूरका बड़ी नज़ाकत से नाचता और सबसे घुल-मिलकर रहता। समाज में वह सर्वप्रिय हो गया।"

अमर कृतियों की रचना

१८१८ में उन्होंने अपनी पहली काव्य-कथा 'रुसलान और ल्यूदमीला' लिखी। यह काव्य लोक-साहित्य की सामग्री पर आधारित था। एक कविता लिखने के अपराध में उन्हें दक्षिणी रूस में निर्वासित कर दिया गया, जहाँ वे १८२०-२४ तक रहे। इस प्रवास के दौरान में पुश्किन ने स्वच्छन्दतावाद की अपनी अमर कृतियों—'काकेशिया का बन्दी', 'बाख़्चीसराय का फव्वारा', 'डाकू भाई' और 'जिप्सी'—की रचना की। इन कविताओं में पुश्किन ने तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों पर क्षोभ प्रकट किया था। इन कविताओं में यथार्थता कूट-कूट कर भरी थी। 'काकेशिया का बन्दी' के विषय में रूस के प्रसिद्ध आलोचक बेलिन्स्की ने लिखा है—"युवकगण इससे बहुत आकर्षित और पुलकित थे। उसका कारण यह था कि इस कविता में उनका स्वयं अपना ही प्रतिबिम्ब मिलता था।"

निर्वासन और मृत्यु

१८२४ में पुश्किन को मिखाईलोवस्की में प्रवासित कर दिया गया। वहाँ वे दिसम्बर १८२५ तक रहे। पहले उन्हें घूमने-फिरने की जो थोड़ी-बहुत स्वतन्त्रता थी, वह भी वहाँ छीन ली गई। जब १८२५ में ज़ार निकोलाई प्रथम के विरुद्ध दिकाब्रिस्तों ने विद्रोह किया, तो पुश्किन मिखाइलोवस्की में ही थे। बहुत से विद्रोही पुश्किन के घनिष्ट मित्रों में से थे। पुलिस ने उनके मकान की भी तलाशी ली। पर पुश्किन को इस बात का पहले से ही पता लग चुका था, इसलिए पुलिस के आने से पहले ही उन्होंने सारे काग़ज़ जला दिये।

एक वर्ष पश्चात् उन्हें पीतरबुर्ग बुला लिया गया, जहाँ वे ज़ार से मिले। निकोलाई प्रथम ने उनको क़ाबू में रखने के उद्देश्य से एक अच्छी सी नौकरी दे दी। यहाँ के वातावरण से पुश्किन इतने दुःखी हुए कि वे अपनी बुद्धि ठिकाने रखने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया करते थे।

१८३१ में पुश्किन ने एक युवती से विवाह कर लिया। वह बड़ी सुन्दरी थी, परन्तु साथ ही बहुत ही खर्चीली और आवारा भी थी। यह पुश्किन के लिए एक नई मुसीबत थी। विवाह के पश्चात् पुश्किन ने पीतरबुर्ग में फिर से विदेशी विभाग में नौकरी कर ली। अपने पारिवारिक जीवन के विषय में उन्होंने अपने एक मित्र को एक पत्र में लिखा था—"साहित्य-सेवा करने के लिए अब मुझे वह अविवाहित जीवन की-सी स्वतन्त्रता नहीं रही। समाज में चक्कर काटता हूँ। मेरी पत्नी बड़ी फ़ैशन-परस्त है। इस सब के लिए पैसा चाहिए। पैसे के लिए मुझे श्रम करना पड़ता है और श्रम के लिए एकान्त आवश्यक है।" नौकरी से ख़र्च चलाना कठिन हो गया, जिसके फलस्वरूप पुश्किन को कर्ज़ लेना पड़ा। अपनी पत्नी की मान-रक्षा के लिए २७ जनवरी, १८३७, को उसे एक सैनिक अफ़सर दाँतेस से द्वन्द्व युद्ध भी करना पड़ा था। इस द्वन्द्व युद्ध में वे इतने घायल हुए कि २९ जनवरी, १८३७, को इस संसार से चल बसे।

पुश्किन की रचनाएँ

गीति-काव्य के अतिरिक्त पुश्किन की निम्नलिखित कुछ अमर कृतियाँ हैं :

काव्य-कथाएँ—'येवगेनी ओनेगिन', 'रुसलान ल्यूदमीला', 'काकेशिया का बन्दी', 'बाख़्चीसराय का फव्वारा', 'पोलतावा', 'ताम्बे का घुड़सवार' और 'जिप्सी'।

काव्य-नाटक—'बोरीस गोदूनोव' और 'रुसालका'।

गद्य-कथाएँ—'दूब्रोवस्की', 'कप्तान की बेटी', 'स्टेशन मास्टर', 'बर्फ़ का तूफ़ान' आदि।

स्थानाभाव के कारण यहाँ उनकी सारी रचनाओं पर प्रकाश डालना असम्भव है। फिर भी उनकी प्रमुख रचनाओं का थोड़ा-सा परिचय देना आवश्यक है।

जिप्सी

पुश्किन की कविताओं में 'जिप्सी' सर्वाधिक मार्मिक, करुण और यथार्थवादी रचना है। अपने दक्षिण के प्रवासकाल (१८२०-२४) में उन्हें दो बार बेसारबिया जाना पड़ा था, जहाँ अनेक बार उन्हें जिप्सियों के संसर्ग में आने, काफ़ी समय बिताने, उनके जीवन और स्वभाव का अनुभव करने और उनके दुख-सुख तथा प्रेम-प्रतिद्वन्द्विता की बातें जानने का अवसर मिला था। इसे उन्होंने मिखाइलोव में १८२३ में शुरू किया और १८२४ में समाप्त किया। इस रचना मे जितना ज्वलंत आभास उनकी प्रखर प्रतिभा का मिलता है, उतना ही गहरा जिप्सियों की करुण जीवन-कथा का चित्र भी आँखों के सामने उपस्थित हो जाता है।

इस कविता मे पुश्किन ने प्रकृति से विच्छिन्न शहरी सभ्यता तथा प्रकृति से सन्निकट आदिम जीवन का बड़ी सुन्दरता से अन्तर दिखाया है। इसका कथासार इस प्रकार है—नगर-निवासी आलेको शहरी जीवन से ऊबकर जिप्सियों की एक टोली से जा मिलता है। जिप्सी युवती जेम्फीरा से उसका प्रेम हो जाता है। जिप्सियों के स्वभाव के अनुकूल जेम्फीरा आलेको के प्रेम से ऊब जाती है और किसी अन्य को अपना लेती है। शहरी सभ्यता में पला आलेको इसको सहन नहीं कर सकता। वह जेम्फीरा और उसके नए प्रेमी का वध कर देता है। इस कथा को पुश्किन ने एक उत्कृष्ट कविता का रूप दिया है। शहरी जीवन का वर्णन करते हुए कवि आलेको के मुख से कहलवाता है—"वहाँ लोग भिच-भिचकर सीमा में रहते हैं। प्रातः पवन का अथवा मधुऋतु मे चरागाहों की सुगन्धि का उपभोग भी नहीं कर सकते। प्रेम में लजाते, उमंगों को उभरने भी नहीं देते और अपनी स्वच्छन्दता का सौदा करते हैं। मूर्त्तियों के सामने निज मस्तक झुकाते हैं और धन, शृंखलाएँ वरदान में चाहते हैं। (शहर) छोड़कर क्या छोड़ा है मैंने? कपटपूर्ण संसार, पक्षपात-भावना से भरा हुआ निर्णय और जन-समूह का अकारण दमन, अत्याचार, लांछन-प्रताड़ना का अतिशय दीप्त विस्तार।"

आलेको अब जिप्सियों के साथ रहने लगा है। अब वह उन्मुक्त और स्वच्छन्द है। उसकी प्रियतमा जेम्फीरा उसके साथ है।

वह है अब निवासी स्वच्छन्द संसार का।
उस पर अब दिनकर की रश्मि उल्लासपूर्ण
मुस्करा रही है दिव्य दीप्ति यौवन की लिये।

× × ×

वह भी निश्चिन्त पक्षी के तुल्य—
देश-बहिष्कृत उड्डयनशील पक्षी-सा,
सुखमय सुरक्षित नीड़ आदि का न अभ्यस्त बना।
चारों दिशाएँ उसके हेतु थीं खुली हुईं
रात काटने के लिए छत थी आकाश की
उठकर प्रभात में दिन की वह चिन्ता सब,
बस दैवेच्छा पर छोड़ देता था।

जेम्फीरा किसी और से प्रेम करने लगती है। आलेको दुखी होकर उसके बूढ़े पिता से शिकायत करता है। बूढ़ा उसको समझाता है :

शान्त हो जा मित्र, अभी वह निरी बच्ची है,
बिल्कुल व्यर्थ है यह तेरी उदासी आज।
तेरे प्रेम में है व्यथा और अशक लगन है,
और स्त्री-हृदय सहज होता है विनोदी चपल।
देख वहाँ नीचे पूर्ववर्त्ती महराब के,
वह स्वच्छन्द चन्द्र चन्द्रिका बिखेर रहा,
और वह विचरता हुआ नीले नभस्थल पर,
फेंकता समस्त प्रकृति पर निज प्रभा एक रूप।
झाँकता है जब कभी वह किसी एक बादल में
उसको क्षण-भर हित कितना उज्ज्वल कर देता है।
लो, अब वह दूसरे बादल में चला गया
और वहाँ पर भी बस एक क्षण-भर के हेतु।

कौन उसे नभ में स्थिर स्थान बता सकता है,
और कह सकता है उससे—बस यहीं ठहर।
कौन कह सकता है युवती के हृदय से
एक ही से प्रेम कर तू, बेवफाई मत कर;
अतः तू शान्त हो जा।

नगर-निवासी आलेको की समझ मे भला यह बात कैसे आए ? वह उत्तर देता है :

नहीं, मैं तो ऐसा नहीं हूँ।
मैं तो अधिकार अपना
बिना संघर्ष के छोड़ नहीं सकता हूँ।
अथवा मैं कम-से-कम बदला लेने का
आनन्द तो उठा लूँगा।

वह जेम्फीरा और उसके प्रेमी का बध कर देता है। बूढ़ा जिप्सी अब जान गया है कि शहर-निवासी इस स्वच्छन्द वातावरण का अभ्यस्त नहीं हो सकता। वह विवश होकर कहता है :

छोड़ दे हमारा साथ, अरे अभिमानी पुरुष !
जाहिल हैं हम, और कोई क़ानून नहीं कुछ भी है हमारे यहाँ।
देते नहीं दुःख हम किसी को, दण्ड नहीं देते;
हमें नहीं चाहिएँ ख़ून और ठण्डी आहें,
किन्तु नहीं चाहते हम साथ रहना ख़ूनियों के
पैदा नहीं तू हुआ है वन्य-जीवन हित;
लगेंगे भयंकर हमें तेरे बोल—
है हम डरपोक, पर सीधे स्वभाव के,
किन्तु तू पापी है और बड़ा साहसी है,
छोड़ दे हमारा साथ।

येवगेनी ओनेगिन

जिप्सियों के समाज से शहर-निवासी आलेको निकाला गया। परन्तु

सभ्य शहरी जीवन की रंग-रेलियाँ जो रंग लाती हैं, उन्हें पुश्किन अपने काव्य-उपन्यास 'येवगेनी ओनेगिन' में चित्रित किया है। पुश्किन की सबसे उत्कृष्ट रचना है और उसकी कल्पना का अनु नमूना है। यह कवि के सम्पूर्ण जीवन, आत्मा और प्रेम से ओत-प्र है। इसमें उसकी भावना, सूझ और कल्पना अपने उच्चतम शिखर पहुँच गई है। कथा का नायक येवगेनी ओनेगिन पीतरबुर्ग में पैदा हुआ उसका पिता उच्च पद पर नौकर था और वह ख़ासी सम्पत्ति का स्वा था। अपव्ययी होने और सदा दावतें देने के कारण उसका दीवाला गया। परन्तु स्वयं ओनेगिन भाग्यशाली था। इसके लिए एक फ्रांसी धाय और फिर एक फ्रांसीसी अध्यापक नौकर रखा गया, जो—

इस विचार से कि बच्चा ऊब न जाए
उसे खेल-खेल में पढ़ाता,
कड़ी नैतिक शिक्षा देकर उसको तंग न करता,
और शरारत के लिए मामूली-सी सज़ा देता,
और बगीचे मे टहलाने ले जाता।

ओनेगिन सत्रह वर्ष का हो गया, तो फ्रांसीसी अध्यापक निक दिया गया और—

लीजिए मेरा ओनेगिन अब स्वतन्त्र है,
नवीनतम फ़ैशन के बाल कटवा लिये हैं :
लंदन का बाँका बन बैठा है,
और वह समाज का संसार देखने निकला !

× × ×

माज़ूरका नज़ाकत से नाचता,
बड़ा मिलनसार था ;
इससे अधिक चाहिए क्या ?

समाज ने निर्णय किया कि वह योग्य और बहुत प्रिय है येवगेनी छल-कपट, रूठने-बिगड़ने और बीमार पड़ने का बह

करने में बड़ा प्रवीण हो गया। वह लड़कियों को अपने प्रेमपाश में बाँधने में भी अति चतुर हो गया। उसको निमंत्रण-पर-निमंत्रण आते। सारा समय उसका कपड़े बदलने, नाचने और रंगरेलियाँ मनाने में ही बीतता। ओनेगिन रंगरेलियों के जीवन से शीघ्र ही ऊब गया। अब उसने बाहर आना-जाना छोड़ दिया। पिता की मृत्यु के पश्चात् वह अपने बीमार चाचा के पास गाँव में चला गया। चाचा की मृत्यु पर उसे उसकी सारी सम्पत्ति सँभाल दी गई। परन्तु शीघ्र ही उस पर स्पष्ट हो गया—

एक शहर की भाँति गाँव में भी जी घबराता है;
यद्यपि वहाँ न सड़कें हैं, न भव्यशाली भवन,
न नृत्य, न ताश, न कवि-गोष्ठियाँ।
उसको उदासी ने आ घेरा और
सर्वत्र उसके पीछे-पीछे फिरने लगी
जैसे परछाईं या वफ़ादार पत्नी।

उसका एक घनिष्ट मित्र कवि लैंस्की था। उन दोनों के स्वभाव में आग-पानी का अन्तर था। लैंस्की ने ओनेगिन का लारेन नामी एक परिवार से परिचय कराया। उस परिवार में माँ और उसकी दो लड़कियाँ थीं। बड़ी का नाम था तात्याना और छोटी का नाम था ओल्गा। छोटी की मँगनी लैंस्की से हो चुकी थी और तात्याना ओनेगिन के प्रेम-पाश में फंस गई। वह ओनेगिन के प्रेम में बेचैन रहती। दो-चार दिनों में ही उसका रंग पीला पड़ गया। आखिरकार तात्याना ने ओनेगिन को एक प्रेम-भरा पत्र लिखा, जिसका ओनेगिन ने कोई उत्तर नहीं दिया। तात्याना से एक भेंट पर ओनेगिन ने अपनी मजबूरी दिखाई और कहा :

परन्तु मैं स्वर्ग के लिए पैदा नहीं हुआ;
मेरी आत्मा इससे दूर है।
व्यर्थ होगी तुम्हारी सुन्दरता ;
मैं इसके सर्वथा अयोग्य हूँ।
विश्वास कीजिए सशपथ कहता हूँ,

हमारा पारिवारिक जीवन दूभर रहेगा।
चाहे मैं तुमसे कितना ही सच्चा प्रेम करूं,
अभ्यस्त होकर तुरन्त प्रेम जाता रहेगा।
यदि आँसू बहाओगी, तुम्हारे आँसू
मेरे हृदय को छू तक न सकेंगे,
उलटा उसमें क्रोधाग्नि बढ़ा देंगे।
स्वयं निर्णय कीजिए,
विवाह से मुसीबतों का आरम्भ हो जायगा,
और सम्भवतः उनसे वर्षों पीछा न छूटेगा।

इस भेंट के पश्चात् दोनों मे मिलना-जुलना बन्द हो गया। दुर्भाग्य से तात्याना की वर्षगाँठ पर वह लेंस्की के साथ एक बार फिर उस परिवार में गया। वहाँ अपने स्वभाव के अनुकूल उसने लेंस्की की मंगेतर ओल्गा पर प्रेमपाश फेंका और उसी के साथ नाचता रहा। लेंस्की इसको सहन न कर सका। दोनों मे द्वन्द्व युद्ध हुआ, जिसमें लेंस्की मारा गया।

उधर तात्याना ने एक अमीर जनेंल से विवाह कर लिया। दो वर्ष पश्चात् ओनेगिन यरोप की यात्रा से लौटा। पीतरबुर्ग में एक नाच में उसकी तात्याना से भेंट हुई। उसने तात्याना से फिर से प्रेम जताना आरम्भ किया। परन्तु अब तात्याना की बारी थी। उसने ओनेगिन को एक पत्र लिखकर साफ़-साफ़ बता दिया कि अब वह उसकी नहीं हो सकती। उसने लिखा—

तब क्या यह झूठ है? बीहड़-मैदान में,
समाज की अफ़वाहों से दूर,
मैं तुम्हें पसन्द नहीं आई···अब क्या है,
जो तुम मेरे पीछे पड़े हो?
क्या इसलिए कि मैं अब
उच्च समाज की एक सदस्या हूँ,
कि मैं अमीर और ख्यात हूँ?

परन्तु अब मेरे भाग्य का निर्णय हो चुका है,
मैंने विवाह कर लिया है,
कृपा करके मुझे मेरे हाल पर छोड़ दो,
मैं बातें नहीं बनाती, मुझे तुमसे अब भी प्रेम है,
परन्तु अब मैं दूसरे की पत्नी हूँ
और सदा वफ़ादार रहूँगी।

तात्याना यह कहकर चली गई। पुश्किन इस कथा का बस इसी समय निम्न शब्दों से अन्त कर देते हैं :

भाग्यशाली है वह,
जिसने रंगरेलियों के जीवन को शीघ्र ही छोड़ दिया,
जिसने जीवन-रूपी मदिरा के प्यालों को
बिलकुल ख़ाली नहीं कर दिया,
जिसने उसकी कथा को पूरा नहीं पढ़ा,
परन्तु सहसा उसको छोड़ दिया,
जैसे मैंने अपने ओनेगिन को।

बाख़्ची सराय का फ़व्वारा

इस कविता में एक तातारी सरदार गिरेई की कथा है। सरदार वारसा पर आक्रमण करके वहाँ के कन्याज़ (राजा) आदम की लड़की मारिया को उठा लाता है और उससे प्रेम करने लगता है, और अपनी पहली पत्नी ज़ारेमा की उपेक्षा करता है। ज़ारेमा ईर्ष्या की अग्नि में जलती है। वह मारिया के पास जाती है और कहती है—"मैं तुम्हारे पाँव पड़ती हूँ, तुमसे प्रार्थना करती हूँ, तुम्हें अपराधी ठहराने का मुझ में साहस नहीं। मुझ पर तरस खाओ और मेरी प्रसन्नता और शान्ति लौटा दो। मेरा गिरेई मुझे वापस दे दो। मेरी प्रार्थना स्वीकार करो, वह मेरा है। परन्तु वह तुम्हारे प्रेम में अंधा हो चुका है। उसको मुझे लौटा दो। घृणा करके, बुरा-भला कहकर अथवा प्रेम से, जिस प्रकार भी हो, उसे

मुझे लौटा दो। वचन दो। परन्तु यदि आवश्यकता पड़ी तो मैं तुम्हें···। देखो, मेरे पास यह खंजर है और मैं काकेशिया की रहने वाली हूँ।"

उसकी प्रार्थना व्यर्थ जाती है। आखिरकार ईर्ष्या से अंधी होकर उसने एक रात मारिया को खंजर घोंपकर कत्ल कर दिया।

ताँबे का घुड़सवार

यह एक प्रेमी की कथा है, जिसकी प्रेमिका पीतरबुर्ग के १८३४ के तूफ़ान में बह जाती है। वह इसी दुःख से पागल हो जाता है और उसको ऐसा लगता है कि पीतर महान् की लेनिनग्राद में बनी मूर्त्ति उसका पीछा कर रही है। इस कविता में पीतरबुर्ग का बड़ा सुन्दर वर्णन है।

त्सीगानी

जिप्सी

त्सीगानी

(अलेक्सान्दर सेर्गेविच पुश्किन)

त्सीगानी शूमनोयू तौल्पोय
पो बेसारबीई कोचूयूत ।
ओनी सेवोद्न्या नाद रेकोय
व शात्राख इज़ोद्रान्नीख नोचूयूत ।
काक वोल्नोस्त्य्, वेसेल इख नौचलेग
ई मीरनी सोन पोद नेबेसामी ।
मेभ्दू कोलेसामी तेलेग,
पोलूज़ावेशेन्नीख कोव्रामी,
गोरीत ओगोन्; सेम्या क्रुगोम्

जिप्सी

(अलेक्सान्दर सेर्गेविच पुश्किन)

जिप्सीगण झुण्ड-झुण्ड,
विपुल कोलाहल कर विचरते हैं
बेसारबिया के पावन प्रदेश में ।
आज वे तटिनी के तट पर ही
जीर्ण-शीर्ण तम्बुओं में अपनी रात काटेंगे ।
कितना उन्मुक्त उल्लासमय यह निशा-वितान
और कितनी शान्तिपूर्ण निद्रा है व्योम की छाया में !
गाड़ियों के पहियों के
(जिनके अधबीच तक लटकती हैं अधफटी दरियाँ)
बीच के प्रदेश में जल रहा है चूल्हा,

गोतोवीत ऊझ़ीन; व चिस्तोम पोल्ये
पासूत्सा कोनी; जा शात्रोम
रुचनोय मेदवेद्य् लेझ़ीत ना वोल्ये ।
फ़्स्यो झ़ीवो पोस्त्रेदी स्तेप्येय :
ज़ाबोती मीरनीये सेम्येय,
गोतोवीख स उत्रोम व पुत्य् नेदाल्नी,
ई पेस्नी झ़ुचौन्, ई त्रिक देत्येय,
इ ज्वोन पोखोदनोय नाकोवाल्नी,

नो वौत ना ताबोर कोचेवोय
इस्खोदीत सोन्नोये मोल्चान्ये,
ई श्लीशनो व तीशीन्ये स्तेपनोय
लीश् लाई सोबाक दा कोनयेय रझ़ान्ये ।
ओग्नी वेज़द्ये पोगाशेन्नी,
स्पोकोयनो फस्यो, लूना सीयायेत
ओदना स नेबेस्नोय वीशीनी
ई तीखी ताबोर ओज़ारयायेत ।
व शात्र्ये ओदनोम् स्तारीक ने स्पीत;
ओन पेरेद उगल्यामी सीदीत,
सोग्रेती इख पोस्लेदनीम् झ़ारोम,
ई व पोल्ये दाल्नोये ग्ल्यादीत,
नौचनीम् पोदेरनुत्तोय पारोम ।
येवो मोलोदेन्काया दौच्
पोशला गुल्यात्य् व पुस्तीन्नोम् पोल्ये ।
ओना प्रीवीकला क रेज़बोय वोल्ये,
ओना प्रीद्यौत; नो वौत उझ़ नौच्,
ई स्कोरो मेस्यात्स उझ़ पोकीन्येत

परिवार सब चारों ओर बैठा खाना पका रहा है ।
खुले मैदान में चर रहे हैं घोड़े,
खेमों के पीछे पालतू रीछ स्वच्छन्द लेटा हुआ है,
कण-कण सजीव हो उठा है मैदान का ।
और वे सांसारिक चिन्ताएँ कुटुम्ब की,
जो प्रातः ही तैयार होगा अग्रिम लघुयात्रा हित,
और गीत स्त्रियों के, और चीख़ बच्चों की,
और शब्द सफ़री निहाई का !

— —

लो खानाबदोशियों के खेमों में छा गई है निद्रा की नीरवता ।
और सुन पड़ता है मौन मैदान में
एकमात्र कुत्तों का भूंकना और घोड़ों की हिनहिनाहट ।
दिये बुझ चुके हैं सब, स्तब्ध निःशब्द दिशा,
टिमटिमा रहा है चाँद एकाकी ऊंचे आकाश में,
और मूक खेमों पर बिखेर रहा है अपनी छटा !
जग रहा है बूढ़ा एक,
बैठा एक खेमे में है वह कोयलों के सामने,
तापकर उनकी अन्तिम आग,
और उस विस्तृत मैदान की ओर देख रहा है
लिपटा हुआ है जो निशा की तमिस्रा में ।
उसकी जवान लड़की घूमने गई है दूर बीहड़ मैदान में ।
वह अभ्यस्त है अबाध स्वच्छन्दता की,
वह आएगी, पर रात जा चुकी है काफ़ी,
और शीघ्र चांद चला जायगा छोड़कर

नेबेस दाल्चौकीख ओब्लाका;
जेम्फीरी न्येत् काक न्येत्; ई स्तीन्येत
उबोगी उझ़ीन स्तारीका ।

नो वौत ओना; ज़ा नेयू स्लेदोम्
पो स्तेपी यूनोशा स्पेशीत;
त्सीगानू वोफस्यें ओन नेवेदोम् ।
"ओत्येत्स मोय",—देवा गोवोरीत,
"वेदू या गोस्त्या, ज़ा कुरगानोम्
येवो व पुस्तीन्ये या नाशला
ई व ताबोर ना नौच् ज़ाज्वाला ।
ओन खोच्येत बीत्य्, काक मी, त्सीगानं
येवो प्रेस्लेदूयेत ज़ाकोन,
नो या येमू-पोद्रूगोय बूदू ।
येवो ज़ोवूत आलेको; ओन
गोतोव इत्ती जा मनोयू पस्यूदू ।"

स्तारीक

या राद । ओस्तान्स्या दो उत्रा
पोद सेन्यू नाशेवो शात्रा
इली प्रोबुद्य् उ नास ई दोल्ये,
काक ती ज़ाखोच्येश् । या गोतोव
स तोबोय देलीत्य् ई ख्लेब ई करोव ।
बुद्य् नाश, प्रीवीक्नी क नाश्येय दोल्ये,
ब्रौद्याश्चेय बेदनोस्ती ई वोल्ये,
आ ज़ावत्रा स उत्रेन्नयेय ज़ारयेय
व ओदनोय तेलेग्ये मी पोयेद्येम्;
प्रीमीस् जा प्रोमीसेल ल्यूबोय :
झ़ेलेज़ो कूई इल् पेस्नी पोय

दूर आकाश के क्षितिज के बादलों को।
अब तक ज़ेम्फीरा का कोई पता नहीं,
और ठण्डी हो रही है सूखी रोटी बूढ़े की।

एक किलक ! यह लो वह आ गई,
और उसके पीछे मैदान में एक नवयुवक आ रहा है दौड़ा हुआ,
जिप्सी के लिए वह सर्वथा अपरिचित है।
"पिताजी !" गूंज उठा स्वर उस युवती का—
"लाई हूँ एक अतिथि, पीछे उपत्यका के
बीहड़ मैदान में मुझको मिला था वह;
और यहाँ बुला लाई हूँ रात-भर के लिए।
चाहता है बनना वह हम-जैसा जिप्सी,
कर रहा है कुटिल क़ानून उसका पीछा;
मित्र मैं उसकी बनूँगी पर।
उसका नाम है आलेको; है वह
तैयार सर्वत्र मेरे साथ जाने को।"

बूढ़ा

मुझे प्रसन्नता है ठहर तू प्रातः तक ख़ेमे में हमारे,
अथवा रह सकता है हमारे पास उसके पश्चात् भी।
जैसी हो इच्छा तेरी; मैं तैयार हूँ
बाँटने को तेरे साथ रोटी और वासस्थान।
बन जा हमारा और अभ्यस्त हो जा इस जीवन से,
भ्रमणशील निर्धनता और स्वच्छन्दता से,
और कल पौ फटते ही एक गाड़ी में बैठकर चलेंगे हम;
तू भी कोई धन्धा सँभाल ले :
लोहा कूट अथवा फिर गा कुछ स्वच्छन्द गीत,

ई सेला ओबखोदी स मेदवेद्येम् ।
आलेको
या ओस्तायूस् ।
ज़ेम्फीरा
ओन बूद्येत मोय—
क्तो-भ् ओत् मीन्या येवो ओतगोनीत ?
नो पोज़्दनो···मेस्यात्स् मोलोदोय
जाश्यौल; पोल्या पोक्रीती म्गलोय,
ई सोन मीन्या नेवोल्नो क्लोनीत···

स्वेतलो । स्तारीक तिखोन्को ब्रोदीत
वोक्रूग ब्येज़्मोल्वनोवो शात्रा ।
"वस्तावाय, ज़ेम्फीरा : सौलन्त्स्ये वस्खो
प्रोस्नीस्, मोय गोसत्य् ! पोरा, पोरा !
ओस्ताव्त्ये, देती, लोभ्ये नेगी ।···"

ई स शूमोम् वीसीपाल नारोद;
शात्री राज़ब्रोब्रानी; तेलेगी
गोतोवी द्वीनूत्सा व पोखोद ।
फस्ये व्मेस्त्ये त्रोनूलोस्···ई वौत
तौल्पा वालीत व पुस्तीख रावनीनाख ।
ओस्ली व पैरेकीदनीख कोरज़ीनाख,
देत्येय इग्रायूश्चीख नेसूत;
मुभ्या ई ब्रात्या, भ्यौनी, देवी,
ई स्तार ई म्लाद वोस्लेद इदूत;
क्रिक, शुम, त्सीगन्स्कीये प्रीपेवी,
मेदवेद्या रेव, येवो त्सेप्येय
नेतेरपेलीवोये ब्रयात्सान्ये,

और गाँव-गाँव घूम साथ ले के रीछ को!

आलेको

मैं ठहरूँगा यहीं।

ज़ेम्फीरा

वह होगा जो मेरा—

कौन उसको मुझसे छीन ले जा सकता है ?
किन्तु हो गई देर·····छिप गया है तरुण चाँद,
और धुंध छा गई है भूतल पर
और निद्रा कर रही है विवश मुझे।

हो गया उजाला। बूढ़ा चुपचाप घूम रहा
चारों ओर मूक स्तब्ध खेमे के।
"उठ ज़ेम्फीरा, अब सूर्योदय हो रहा है,
उठ ओ ! प्रिय अतिथि मेरे,
समय हो गया है अब, समय हो गया है अब !
छोड़ दो बच्चो, इस सुखद शय्या को अब···।"

कोलाहल करते हुए जग गए जिप्सीगण;
खेमे उखाड़ दिए गए और गाड़ियाँ
झट तैयार हुईं कूच करने के लिए।
चल दिए मिलकर सब और लो
जिप्सियों के झुण्ड ने प्रवेश किया निर्जन-सी घाटी में।
गदहों पर खुर्जी में लटक रहीं टोकरियाँ,
जिनमें हैं छोटे-छोटे बच्चे खेल-कूद रहे।
पति और भाई, पत्नियाँ और कुमारियाँ,
बूढ़े औ' जवान पीछे-पीछे चल रहे हैं सब।
चीख़, शोर, जिप्सी-गीतों की तानें और रीछ को गुर्राहट,
उसकी जंजीर की लगातार झनझनाहट,

झुण्ड बाँधकर जाते हुए जिप्सियों का एक काफ़िला.

मूल

लोखमोत्येव यारकीख पेस्त्रोता,
देत्येय ई स्तारत्स्येव नागोता,
सोबाक ई लाई ई ज़ावीवान्ये,
वोलीन्की गोवोर, स्क्रीप तेलेग,
फस्यो स्कूदनो, दीको, फस्यो नेस्त्रोयनो,
नो फस्यो ताक भ्रीवो-नेस्पोकोयनो,
ताक चूभ्रदो म्यौर्तवीख नाशीख नेग,
ताक चूभ्रदो एतोय भ्रीज़नी प्राज़दनोय,
काक पेस्येन् राबोव ओदनो ओब्राजनोय !

उनीलो यूनोशा ग्ल्यादेल
ना ओपूस्तेल्यू रावनीनू

अनुवाद

रंग-बिरंगे फटे कपड़ों का इन्द्रधनुषी जोड़-तोड़,
बच्चे और बूढ़ों का अध-नंगापन ।
कुत्तों का भूँकना औ' चिल्ल-पौं, स्वर वोलीन्का (वंशी) का,
गाड़ियों के पहियों की चर्र-मर्र,
सबसे टपकती है निर्धनता औ' जंगलीपन बरसता है,
सब बेताल है, पर सबका सब कितना सजीव है !
कितना है अविश्रान्त, कितना है भिन्न इस मुर्दा ऐश्वर्य से,
कितना है भिन्न रंगरेलियों के जीवन से,
जो है निर्जीव ज्यों ग़ुलाम के नीरस गीत !

ताक रहा था वह युवा हो समुद्विग्न
निर्जन घाटी की ओर,

ई ग्रूस्ती तायनूयू प्रीचीनू
इस्तोल्कोवात्य् सेब्ये ने स्मेल ।
स नीम् च्यौरनोश्रोकाया ज़ेम्फीरा,
तेपेंर् श्रोन वोल्नी भ्रीतेल् मीरा,
ई सौलन्त्स्ये वेसेलो नाद नीम
पोलूदेन्नोय क्रासोयू ब्लेश्चयेत;
च्तो भ्रू सेरदत्स्ये यूनोशी त्रेपेश्च्येत ?
काकोय ज़ाबोतोय श्रोन तोमीम् ?

प्तीचका बोभ्रिया ने ज़नायेत
नी ज़ाबोती, नी त्रुदा;
खलोपोतलीवो ने स्वीवायेत
दोल्गोवेचनोवो ग्नेज्दा;
व दोल्गु नौच् ना वेत्क्ये व्रेमल्येत;
सौलन्त्स्ये क्रास्नोये वज़ोइद्यौत ।
प्तीचका ग्लासू बोगा व्नेमल्येत,
वस्त्रेपेन्यौत्सा ई पोयौत ।
ज़ा वेस्नोय क्रास्नोय प्रीरोदी,
लेतो ज़नोयनोये प्रोइद्यौत—
ई तूमान ई नेपोगोदी
श्रोस्येन् पोज़दन्याया नेस्यौत :
ल्यूद्याम् स्कूचनो, ल्यूद्याम् गोर्ये;
प्तीचका व दाल्नीये स्त्रानी,
व त्यौपली क्राय, जा सीन्ये मोर्ये
उलेतायेत दो वेस्नी ।

पोदोब्नो प्तीचक्ये ब्येज़ज़ाबोतनोय,

और उस शोक का कारण रहस्यपर्ण
समझने में बिलकुल असमर्थ था।
रहती मृगनयनी जेम्फीरा अब उसके साथ,
वह है अब निवासी स्वच्छन्द संसार का।
उन पर अब दिनकर की रश्मि उल्लासपूर्ण
मुस्करा रही है दिव्य दीप्ति यौवन की लिये।
पर यह क्या ? क्यों उसका उर धड़क रहा ?
कौन-सी चिन्ता कर रही है आज व्यस्त उसे ?

दिव्य पक्षी नहीं जानता यह रंचमात्र
चिन्ता क्या होती है; श्रम क्या होता है;
सहकर महान् कष्ट नहीं रचता है वह अपना चिरस्थायी नीड़;
बड़ी-बड़ी रातों को बिता देता है वह सोकर शाखाओं पर;
होता है प्रभात, लाल सूर्य उदित होता है,
सुनता है पक्षी वह दिव्य निनाद तब।
पंख फड़फड़ाता है, गाता है मधुर गान।
बीतता बसन्त ऋतुराज और उसके बाद
गर्मी भी आती है और चली जाती है,
छाती है धुन्ध तब, दारुण हेमन्त तब
लाता है हिम-पतझड़ को अन्त में।
जन-जन उदास होता, होते सब लोग दुखी;
किन्तु वह पक्षी तब दूरवर्ती देशों को,
गरम प्रदेश में नीले सागर के पार,
दूसरे वसन्त-काल तक को उड़ जाता है।

वैसे ही वह भी निश्चिन्त पक्षी के तुल्य,

ई ओन, इजग्नान्नीक पेरेल्यौतनी,
गनेज्दा नाद्यौझ्नोवो ने ज़नाल
ई नी क चेमू ने प्रीवीकाल ।
येमू वेज़द्ये बीला दोरोगा,
वेज़द्ये बीला नोचलेगा सेन्;
प्रोस्नूवशी पोउत्रू, स्वोय द्यन्
ओन ओतदावाल ना वोल्यू बोगा ।
ई झ़ीज़नी ने मोग्ला त्रेवोगा
स्मूतीत्य् येवो सेरदेचनू लेन् ।
येवो पो़रोय वोलशेबनोय स्लावी
मानीला दालनाया ज्वेज्दा;
नेझ़दान्नो रोसकोश् ई जाबावी
क नेमू यावल्यालीस् इनोग्दा;
नाद ओदीनोकोय गोलोवोयू
ई ग्रोम नेरेदको ग्रोखोताल;
नो ओन बेस्पेचनो पोद ग्रोज़ोयू
ई व व्यौद्रो यास्नोये द्रेमाल ।
ई झ़िल, ने प्रिज्नावाया व्लास्ती
सुद्बी, कोवारनोय ई स्लेपोय ।
नो बोझ़्ये ! काक इग्राली स्त्रास्ती
येवो पोस्लूशनोयू दुशोय !
स काकीम वोलनेनियेम् किपेली
व येवो इज़मूचेन्नोय ग्रूदी !
दावनो ल्, नादोल्गो ल् उस्मीरेली ?
ओनी प्रोस्नूत्सा : पोगोदी !

म्फीरा

स्काझ़ी, मोय द्रुग : ती ने झ़ालेयेश्

ाश-बहिष्कृत उड्डयनशील पक्षी-सा,
ुखमय सुरक्षित नीड़ आदि का न अभ्यस्त बना।
ारों दिशाएँ उसके हेतु थीं खुली हुईं,
ात काटने के लिए छत्त थी आकाश की;
ठकर प्रभात में दिन की चिन्ताएँ सब
वेच्छा पर छोड़ देता था।
ीवन की दैनिक चिन्ताएँ न कर पाईं
वचलित उसके अलस मन की शान्त मुद्रा को।
भी-कभी उसको दिव्य दैवी प्रताप का,
ाकर्षित करता था दूर देशवर्त्ती तारा;
भी-कभी सुख-ऐश्वर्य औ' विलास के,
वप्न लहराते थे उसके अन्तस्तल में,
ौर प्रायः एकाकी असहाय के ऊपर
रजते थे घन घनघोर निबिड़;
न्तु तूफ़ानों में रहता था अविचल वह,
ौर सुखद ऋतु को पा सोता था जी-भर।
ौर कभी माना नहीं करता था क्षण-भर को
न्धे दुर्दान्त दुर्दैव की सत्ता वह।
न्तु हा विधाता, कैसी दुर्दम लालसाएँ
लती थीं उसकी दृढ़ अनुवर्त्ती आत्मा से,
से तीव्र वेग से वे झकझोरती थीं
सके उद्विग्न विश्रान्त अन्तस्तल को।
ा अब वे चिर से चिरकाल तक को शान्त हुईं ?
हीं, वे जागेंगी। करिए प्रतीक्षा कुछ !

जेम्फीरा

बता मेरे मित्र, तू व्यथित तो होता नहीं

ओ तोम, च्तो ब्रोसिल नापसेग्दा ?

आलेको

च्तो-भ्र ब्रोसिल या ?

ज़ेम्फीरा

ती राज़ुमेयेश :

ल्यूद्येय ओतचीभ्नी, गोरोदा ।

आलेको

ओ च्योम झ़ालेत्य् ? कोग्दा ब् ती ज़्नाला,

कोग्दा बी ती वोओब्राझ़ाला

नेवोल्यू दूशनीख गोरोदोव !

ताम ल्यूदी, व कूचाख ज़ा ओग्रादोय,

ने दीशात उत्रेन्येय प्रोख्लादोय,

नी वेशनीम् ज़ापाखोम् लुगोव;

ल्युब्वी स्तीद्यात्सा, मीसली गोन्यात,

तोरगूयूत वोल्येयू स्वोयेय,

ग्लावी प्रेद इदोलामी क्लोन्यात

ई प्रोस्यात देनेग दा त्सेप्येय ।

च्तो ब्रोसिल या ? इज़मेन वोल्नेन्ये,

प्रेदरासुभ्रदेन्नोइ प्रीगोवोर,

तोल्पी ब्येज़उमनीये गोनेन्ये

ईली ब्लीस्तातेल्नी पोज़ोर ।

ज़ेम्फीरा

नो ताम ओग्रोम्नीय पालाती,

ताम राज़नोत्स्वेतनीये कोवरी,

ताम ईग्री, शूम्नीये पीरी,

उब्योरी देव ताम ताक बोगती !...

उसके लिए, जो तू सदा के लिए छोड़ आया है ?

आलेको

क्या छोड़ा है मैंने ?

ज़ेम्फीरा

नहीं तुम समझे;
लोग अपने देश के, अपने नगर को !

आलेको

किस के हित होऊँ मैं व्यथित ? यदि तू जानती,
कर सकती यदि कुछ भी अनुमान तू—
घने बसे हुए निबिड़ अनुन्मुक्त नगरों को,
कैसे वहाँ लोग भिंच-भिंच रहते हैं सीमा में,
प्रातः शीत पवन का उपभोग नहीं कर सकते,
अथवा मधुऋतु में चरागाहों की सुगन्धि का;
प्रेम में लजाते, देते उभरने उमंगों को न,
करते हैं सौदा वे अपनी स्वच्छन्दता का ।
मूर्त्तियों के सम्मुख निज मस्तक झुकाते हैं,
चाहते हैं धन, शृंखलाएँ वरदान में !
क्या छोड़ा है मैंने ? कपटपूर्ण संसार,
पक्षपात-भावना से भरा हुआ निर्णय,
और जनसमूह का अकारण दमन, अत्याचार,
लांछन-प्रताड़ना का अतिशय दीप्त विचार ।

ज़ेम्फीरा

किन्तु हैं वहाँ पर खड़े अत्युत्तुंग शुभ्र सौध,
रंग-बिरंगे ग़लीचे वहाँ, क्रीड़ा आमोद-मनोरंजन के साधन बहु,
सुरापन, कोलाहलयुक्त भव्य भोज
और वे युवतियों के बहुमूल्य परिधान !

आलेको

चतो शुम वेसेलीइ गोरोद्स्किख ?
गद्ये न्येत ल्यूबवी, ताम न्येत वेसेलीइ ।
आ देवी···काक ती लुच्श्ये इख
इ ब्येज़ नारयादोव दोरोगीख,
ब्येज़ झ़ेमचुगोव, ब्येज़ ओझ़ेरेलीइ !
ने इज़मेनीस्, मोय नेझ़नी द्रुग,
आ या··· ओदनो मोयो झ़ेलान्ये
स तोबोय देलीत्य् ल्यूबोव दोसूग
ई दोब्रोवोलनोय इज़ग्नान्ये ।

स्तारीक

ती ल्यूबिश नाश, खोत्य् ई रोझ़द्यौन
स्त्रेदी बोगातोवो नारोदा ।
नो ने फसेग्दा मीला स्वोबोदा
तोमू, क्तो क नेग्ये प्रीउच्यौन ।
मेझ़ नामी येसत्य् ओदनो प्रेदान्ये :
त्सारयेम् कोग्दा-तो सोस्लान बील
पोलूद्न्या झ़ीतेल् क नाम व इज़ग्नान्ये ।
(या प्रेझ़द्ये उनाल, नो पोज़ाबील्
येवो मुद्रेनोये प्रोउवान्ये ।)
ओन बील ऊझ़ये लेतामी स्तार,
नो स्लाद ई झ़ीव दुशोय नेउलोबनोय—
ईमेल ओन पेस्येन दीवनी दार
ई गोलोस, शूमू वोद पोदोब्नी ।
ई पोल्युबीली फस्ये येवो,
ई झ़िल ओन ना ब्रेगाख दुनाया,
ने ओबीझ़ाया नीकोवो,

आलेको

नगर के ये प्रमोद-कोलाहल निःसार,
वहाँ प्रेम का न नाम, है न तनिक उल्लास।
और युवतियाँ, वे···तू उनसे कहीं सुन्दर है
बिना उन अतिमहार्थ मंडन परिधानों के,
बिना उन मोतियों की लड़ियों के, बिना कंठहारों के।
मेरे निसर्गरम्य सुमन सुकुमार मित्र,
मत तुम बदल देना निज उर का भाव यह।
और मैं···मेरी बस एक-मात्र कामना है,
चाहता हूँ भागी मैं बनना तव प्रेम का,
तेरे अवकाश की घड़ियों का,
और तेरे उन्मुक्त स्वच्छन्द भ्रमण का!

बूढ़ा

तू करता है हमें प्यार, भले पैदा तू
हुआ है उन विपुल समृद्धिशालियों के बीच।
किन्तु सदा भाती नहीं यह स्वच्छन्दता उसको,
जो बिपुल वैभव में पला है;
कही जाती है एक कहानी हमारे यहाँ :
एक बार ज़ार द्वारा होकर प्रवासित
दक्षिण-निवासी एक भाग आया हमारे बीच।
(याद था पहले, अब भूल रहा हूँ मैं उसका नाम क्या था)
प्रौढ़ आयु का था वह, आत्मा थी निश्छल,
और हृदय था उसका भरा यौवन-उमंगों से।
गीतों का उसको मिला दिव्य वरदान था,
कंठ था सरिता की सुमधुर कल-कल की भाँति।
सहज प्यार उसे सब लोग करने लगे,
रहता था वह डेन्यूब के किनारे पर।
करता नहीं था वह किसी का भी तिरस्कार,

ल्युद्येय रासकाज़ामी प्लेन्याया ।
ने राज़उमेल ओन नीचेवो,
ई स्लाब ई रोबोक बील, काक देती;
चुभ़ीये ल्यूदी जा नेवो
